Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding provision of Service Line on Delhi-Mumbai N.H. in Dausa Parliamentary Constituency, Rajasthan-Laid.

श्रीमती जसकौर मीना (दौसा): मेरे संसदीय क्षेत्र दौसा (राजस्थान) के अधिकतर क्षेत्र से दिल्ली-मुंबई नेशनल हाईवे गुजर रहा है। यह कार्य भारत के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। किन्तु क्षेत्र के निवासियों को बाधाएं भी उत्पन्न हुई हैं। बांदीकुई विधान सभा क्षेत्र के नागरिकों को सर्विस एरिया दिया जाना अत्यंत आवश्यक है। इस एन. एच. से जयपुर को जोड़े जाने के काम में भी प्रगति से कार्य चल रहा है। जयपुर जाने वाले स्थान पर बांदीकुई क्षेत्र के सैंकड़ों छोटे-बड़े गांवों को जयपुर जाने के लिए और अपने खेती-बाड़ी के कामों से जयपुर को जोड़ने वाले बिंदु पर सर्विस लाइन देना अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान में सैंकड़ों गांवों के नागरिक आंदोलनार्थ रुख अपनाते हुए धरने पर बैठे हैं। मैं माननीय मंत्री जी से प्रार्थना करती हूं कि जिन किसानों ने सहर्ष अपनी कृषि भूमि परियोजना को समर्पित की, उनको आवागमन में सुगमता प्रदान करने हेतु जयपुर से जुड़ने वाले स्थान पर सर्विस लाइन देने की कृपा करें ताकि मेरे क्षेत्र के वासी इस महत्वपूर्ण हाईवे का लाभ लेते हुए परियोजना पर गर्व कर सकें एवं गांवों को विकास का अहसास व अपने क्षेत्र की उन्नति का सुख महसूस हो सके।